कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक / बे0शि0 / 15410-12 / 2021-22 दिनांक 23 फरवरी 2022

कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, मार्डन स्कूल, प्लाट नम्बर - एच0एस0-08, सेक्टर-डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 28.12.2021 द्वारा शासनादेश संख्या-419 / 79-6- 2013-18(20) / 91 शिक्षा अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के क्रम में विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण / स्थायी करने का अनुरोध किया है। अभिलेखानुसार इस कार्यालय के पत्रांक / मान्यता / 2885-87 / 2018-19 दिनांक 17.07.2018 द्वारा प्राथमिक / उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक) की कक्षाओं के संचालन हेतु मान्यता तीन वर्ष की अवधि हेतु अंनतिम रूप से प्रदान की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-419 / 79-6- 2013-18(20) / 91 शिक्षा अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है:-

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तो के उल्लघंन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नही होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी हैं।

उक्त संस्था के विरूद्ध कार्यालय को मान्यता प्रदान करने की तिथि से अद्यतन कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आशय का प्रबन्धक द्वारा शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त शासनादेश एवं प्रबन्धक, मार्डन स्कूल, प्लाट नम्बर एच0एस0-08, सेक्टर-डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा पत्रावली में उपलब्ध कराये अपने विद्यालय सम्बन्धी अद्यतन प्रपत्रों के आधार पर उक्त विद्यालय की मान्यता को स्थायी समझा जायेगा एवं भविष्य में पत्रांक / मान्यता / 2885-87 / 2018-19 दिनांक 17.07.2018 में उल्लिखित समस्त शर्तो / मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा एवं शासन द्वारा जारी किये गये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे।

(धर्मेन्द्र कुमार सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

पृष्ठांकन एवं दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि:- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड दनकौर।
2. प्रबन्धक, मार्डन स्कूल, प्लाट नम्बर एच0एस0-08, सेक्टर-डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा विकास खण्ड दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. गार्ड फाइल।

24/3/2022

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

MODERN SCHOOL GREATER NOIDA

Manager
MODERN SCHOOL
Delta-1, Greater Noida